nandgaon times feb-08-3.qxd 2/7/2026 10:06 PM Page 1

विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

रविवार, 08 फरवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 117, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

आदिवासियों की संस्कृति में बसती है छत्तीसगढ़ की आत्मा - राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

राष्ट्रपति ने आदिवासी बालिका को पढ़ाने का किया आह्वान, बस्तर पंडुम के संभाग स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम में बस्तर पहुंची राष्ट्रपति

रायपुर। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु आज सुबह बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर पहुँचीं, जहाँ उन्होंने संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम-2026 का शुभारंभ किया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने इस अवसर पर कहा कि आदिवासियों की संस्कृति में छत्तीसगढ़ की आत्मा बसती है। उन्होंने बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के जयघोष के साथ अपने उद्बोधन की शुरूआत की। राष्ट्रपति ने कहा कि देश में छत्तीसगढ़ ऐसा राज्य है, जहाँ सरकार अपनी संस्कृति, जनजातीय परंपराओं और प्राचीन विरासतों को संरक्षित करने के लिए बस्तर पंडुम जैसे आयोजन कर रही है। यह आयोजन आदिवासियों की गौरवशाली संस्कृति का जीवंत प्रतिबिंब है। जगदलपुर के ऐतिहासिक लालबाग मैदान में आयोजित इस शुभारंभ समारोह में बड़ी संख्या में आदिवासी कलाकार और विशाल जनसमूह मौजूद रहा । सभी को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव सरकार छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनजातीय उत्थान के लिए निरंतर बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। पीएम जनमन, प्रधानमंत्री जनजातीय गौरव उत्कर्ष अभियान तथा नियद नेल्ला नार जैसी योजनाओं के जरिए जनजातीय समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। राष्ट्रपति ने बस्तर क्षेत्र में आदिवासी बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जनजातीय बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने के लिए शासन के साथ-साथ समाज और उनके माता-पिता को भी आगे आना होगा। उन्होंने बस्तर की समृद्ध आदिवासी संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में प्राचीन परंपराओं की जड़ें आज भी मजबूत हैं। बस्तर पंडुम जनजातीय समुदाय की पहचान, गौरव और समृद्ध परंपराओं को प्रोत्साहित करने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है। राष्ट्रपति ने बताया कि बस्तर पंडुम में 54 हजार से अधिक आदिवासी कलाकारों ने पंजीयन कराया है, जो अपनी सांस्कृतिक जड़ों से उनके गहरे जुड़ाव को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि हिंसा का मार्ग छोड़कर माओवादी मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं, लोकतंत्र के प्रति उनकी आस्था बढ़ रही है। वर्षों से बंद विद्यालय पुन: खुल रहे हैं, दुर्गम वनांचल क्षेत्रों में सड़कें और पुल-पुलियों का निर्माण हो रहा है तथा ग्रामीणजन विकास से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर की सुंदरता और संस्कृति सदैव लोगों के आकर्षण का केंद्र रही है, किंतु दुर्भाग्यवश चार दशकों तक यह क्षेत्र माओवाद से ग्रस्त रहा, जिससे यहां के निवासियों को अनेक कष्ट झेलने पड़े। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारत सरकार की माओवादी आतंक के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई के परिणामस्वरूप वर्षों से व्याप्त भय, असुरक्षा और अविश्वास का वातावरण अब समाप्त हो रहा है। माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़ रहे हैं और नागरिकों के जीवन में शांति लौट रही है। प्रदेश सरकार के प्रयासों और स्थानीय लोगों के सहयोग से आज बस्तर में विकास का नया सूर्योदय हो रहा है। गाँव-गाँव में बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँच रही हैं। वर्षों से बंद विद्यालयों में अब बच्चों की कक्षाएँ फिर से संचालित हो रही हैं। राष्ट्रपति ने उपस्थित जनसमूह से अपनी संस्कृति और पारंपरिक विरासतों को सहेजने का आह्वान करते हुए बस्तर की जनजातीय परंपराओं को राष्ट्रीय एवं वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने की आवश्यकता पर बल दिया। राज्यपाल श्री रमेन डेका शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर पंडुम कोई साधारण मेला नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की जनजातीय लोक संस्कृति का उत्सव है। यहाँ के लोकनृत्य, लोकगीत, पारंपरिक पहनावा, आभूषण, ढोल-नगाड़े और पारंपरिक व्यंजन मिलकर बस्तर की सुंदर तस्वीर दुनिया के सामने प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि गौर नृत्य, परघौनी नृत्य तथा धुरवा, मुरिया, लेजा जैसे नृत्य बस्तर की सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक हैं। इस प्रकार के आयोजन हमारी आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। राज्यपाल ने कहा कि बस्तर की पहचान उसकी जनजातीय संस्कृति और परंपराओं से है। गोंड, मुरिया, माड़िया, हल्बा, भतरा एवं परजा समाज के लोग पीढ़ियों से अपनी मूल परंपराओं को सहेजते आए हैं। जल, जंगल और जमीन के साथ सामंजस्य बस्तर की सबसे बड़ी ताकत है। बस्तर पंडुम के माध्यम से कलाकारों को पहचान, सम्मान और आजीविका के अवसर मिलेंगे।

भारत- अमेरिका व्यापार समझौते से छत्तीसगढ़ को मिलेगा वैश्विक बाजार का नया रास्ता - मुख्यमंत्री

रायपुर (नांदगाँव टाइम्स) । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते को छत्तीसगढ़ के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक अवसरों का द्वार बताते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह पहल राज्य की आर्थिक प्रगति को नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि इस समझौते से प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को अमेरिकी बाजार तक सीधी पहुँच मिलेगी, जिससे वन-आधारित उत्पाद, हथकरघा-हस्तशिल्प, वस्त्र तथा कृषि उत्पादों के निर्यात में वृद्धि होगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस व्यापारिक ढांचे में किसानों के हितों और ग्रामीण आजीविका की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। यह समझौता महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने, स्थानीय उत्पादों की वैश्विक ब्रांडिंग मजबूत करने और च्मेक इन इंडियाज् अभियान को गति देने में भी सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतङ्कअमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता छत्तीसगढ़ के समावेशी और सतत विकास को नई रफ्तार देगा तथा विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में राज्य की भूमिका को और मजबूत करेगा।

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
बसन्तपुर, राजनांदगांव (छ.ग.) । मो.- 9301033013, 9752899200
डॉ. पी. डी. शुक्ला
विभाग | समय
मेडिसिन विभाग | 9:00 बजे से 3:00 बजे तक
शिशु रोग विभाग | 9:00 बजे से 10:00 बजे तक, 1:00 बजे से 2:30 बजे तक
अस्थिरोग | 11:00 बजे से 2:00 बजे तक
नाक कान गला रोग विभाग | 11:00 बजे से 2:00 बजे तक
सूचना व दूरभाष व्यवस्था
सूती रोग विभाग | 11:00 बजे से 1:00 बजे तक
प्रातःकाल पुनरावलोकन शाम 6:00 बजे, 24-घंटा व आपात परीक्षण 9:00 बजे
न्यूरोलॉजी विभाग
सोमवार से शनिवार
11:00 बजे से 2:00 बजे तक
मनोचिकित्सा विभाग
पुनरावलोकन व मुलाकात
10:00 बजे से 11:00 बजे तक
सर्जरी विभाग
रविवार व अवकाश अस्पताल
10:00 बजे से 2:00 बजे तक
अस्थिरोग व सर्जरी विभाग
सोमवार से शनिवार
1:00 बजे से 2:00 बजे तक
शिशु रोग व नवजात शिशु विभाग
आपरेशन थियेटर
अपना पड़ोसी नंबर - 7772032888

प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी 2.0 के आदेश पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने जताया आभार, मुख्यमंत्री का

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी 2.0 के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने हेतु जारी किए गए शासन के स्पष्ट दिशा-निर्देशों पर नगर पंचायत अध्यक्ष डोंगरगांव अंजू त्रिपाठी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती त्रिपाठी ने इस जनहितैषी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साहू, कैबिनेट मंत्री तोखन साहू एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का हृदय से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजनाङ्कशहरी 2.0 के अंतर्गत पात्रता को लेकर जारी किए गए स्पष्ट दिशा-निर्देशों से उन गरीब और जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी, जो कच्चे, जर्जर अथवा आपदा से प्रभावित मकानों में रहने को मजबूर हैं। अब सही पात्र हितग्राहियों तक योजना का लाभ पारदर्शिता के साथ पहुंचेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि नगर निकायों को दी गई जिम्मेदारी से योजना का क्रियान्वयन और अधिक प्रभावी होगा तथा च्घर गरीब को पक्का मकानज्ज का सपना साकार होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी 2.0 के तहत जारी दिशा-निर्देश गरीबों के लिए बड़ी राहत हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उप मुख्यमंत्री अरुण साहू, कैबिनेट मंत्री तोखन साहू एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया है।

लापरवाही के आरोप में हटाए गए सिविल सर्जन, अस्पताल कर्मियों में हड़कंप

डॉ. महेन्द्र प्रसाद को मिला प्रभार

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. यूएस चंद्रवंशी को कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने एक प्रसूति के मामले में उनके अधीनस्थ चिकित्सकों द्वारा लापरवाही बरतने के चलते हटा दिया है। कलेक्टर के इस कार्रवाई से अस्पताल में कार्यरत स्टॉफनर्सों से लेकर अन्य कर्मियों में हड़कंप मच गया है। कलेक्टर श्री यादव ने 'छत्तीसगढ़ से कहा कि अस्पताल की व्यवस्था को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्यगत विषयों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। हालांकि सिविल सर्जन को हटाए जाने का अंदरूनी तौर पर विरोध भी हो रहा है, लेकिन कलेक्टर के निर्देश पर हुई कार्रवाई के चलते कोई भी खुलकर आवाज नहीं उठा रहा है। दरअसल 01 फरवरी को शहर की 27 वर्षीय करुणा बांसफेड को प्रसूति के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। रविवार होने की वजह से चिकित्सक मौजूद नहीं थे, लेकिन स्टॉफनर्सों ने अपने अनुभव के आधारपर उक्त महिला की सामान्य डिलीवरी कराई। प्रसूति के बाद महिला की स्थिति की बिगड़ती चली गई। उसे प्रमुख होने के नाते चंद्रवंशी को हटा दिया। इधर डॉ. महेन्द्र प्रसाद को कलेक्टर ने सिविल सर्जन का प्रभार सौंपा है। प्रसाद ने हाल ही में बेल्लूर रूप में क्रियान्वित करना उनकी पहली प्राथमिकता है। डॉ. प्रसाद को चिकित्सकीय कार्य का लंबा अनुभव है। बस्तर में उन्होंने 13 साल तक अलग-अलग क्षेत्रों में सेवाएं दी। राजनांदगांव में वह 2023 में पदस्थ हुए हैं। डॉ. प्रसाद ने कहा कि प्रशासनिक कसावट के साथ-साथ मरीजों की देखभाल और उपचार के लिए पूरा जोर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रभार ग्रहण का अंदरूनी व्यवस्था को राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। इस मामले को लेकर बवाल खड़ा हो गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में देरी होने के कारण महिला की मौत हुई है। इस घटना के बाद कलेक्टर ने मामले की शुरुआती छानबीन के बाद सिविल सर्जन डॉ. यूएस चंद्रबंशी को पद से हटा दिया। चंद्रवंशी पर प्रशासनिक कसावट लाने में सुस्ती दिखाने का आरोप है।

पुराने दिनों की यादें ताजा : 15 साल बाद फिर से मैदान में उतरे लेदर बॉल क्रिकेट के पुराने खिलाड़ी

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। जोड़ मेला सिक्ख युथ वेलफेयर सोसायटी के द्वारा पुराने दिनों की यादें ताजा करते हुए 15 साल पहले के होनहार खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन व समाज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत टूर्नामेंट के तहत लेदर बॉल क्रिकेट का आयोजन नेहरू स्टेडियम टर्फ विकेट पर में आयोजित किया गया जिसमें 20 वर्ष पूर्व लेदर बॉल क्रिकेट छोड़ चुके खिलाड़ियों के लिए एकदिवसीय लेदर बॉल क्रिकेट मैच का एक दिवसीय आयोजन किया गया। मैच में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने अपने पुराने दिनों को याद किया और एक बार फिर से मैदान में उतरने का मौका प्राप्त किया,पुराने खिलाड़ियों ने अपने खेल को फिर से दिखाया और दर्शकों का मनोरंजन किया। मैच के दौरान खिलाड़ियों के चेहरे पर पुराने दिनों की यादें साफ दिखाई दे रही थीं। उन्होंने अपने पुराने साथियों के साथ फिर से खेलने का आनंद लिया और अपने खेल को यादगार बनाया। पुराने खिलाड़ियों ने एक स्वर में कहा की यह मैच उनके लिए बहुत खास रहा। वर्षों बाद फिर से मैदान में उतरना एक सुखद अनुभूति रही। सभी ने अपने पुराने साथियों के साथ फिर से खेलने का आनंद लेना शानदार बताया। इस अवसर पर टीम जोड़ मेला ने कहा, यह मैच पुराने खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा अवसर है अपने खेल को फिर से दिखाने का और बीते दिनों को जीना का, हम उम्मीद करते हैं कि ऐसे मैच आगे भी जारी रहेंगे और पुराने खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करते रहेंगे. मैच के लिए टीम जोड़ मेला वारियर्स और टीम जोड़ मेला स्ट्राइकर्स नाम से दो टीमें बनाई गई, जिसमे जोड़ मेला स्ट्राइकर्स ने यह मैच 54 रनो से जीत लिया। मैच में करण भाटिया ने शानदार 61 रन बना सिंघ ऑफद मैच का खिताब पाया, दीपक भाटिया बेस्ट बॉलर रहे. कैप्टन भाटिया,सुखमन और फ्लक्तदीप ने भी अपने खेल से सभी का भरपुर मनोरंजन किया। टीम जोड़ मेला ने कहा की यह आयोजन निश्चित है पुराने खिलाड़ियों के लिए एक यादगार अनुभव रहा और ऐसे आयोजन आगे भी किये जाएंगे.

पीएम मोदी का मलेशिया दौरा बदलती वैश्विक राजनीति में महत्वपूर्ण

अरविन्द तिवारी

कुआलालंपुर (नांदगांव टाइम्स)। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर शनिवार को मलेशिया पहुंचे चुके हैं। कुआलालंपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचने पर मलेशिया के प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर इब्राहिम ने पीएम मोदी का भव्य और गर्मजोशी से स्वागत किया , जो दोनों देशों के बीच मजबूत दोस्ती और रणनीतिक साझेदारी का प्रतीक है। इसके साथ ही कुआलालंपुर पहुंचने पर मलेशिया के मानव संसाधन मंत्री दातो रमणन रामकृष्णन और उप विदेश मंत्री दातो लुकानिस्मान बिन अवांग सौनी ने भी पीएम मोदी का स्वागत किया। स्वागत में भारतीय और मलेशियाई संस्कृति की झलक दिखाने वाला एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय समुदाय की महिलाओं ने क्लासिकल और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर पीएम का जोशीला स्वागत किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने एक-दूसरे से गर्मजोशी से हाथ मिलाया और बातचीत की। एयरपोर्ट से दोनों प्रधानमंत्री एक ही कार में सवार होकर कुआलालंपुर में कम्युनिटी कार्यक्रम की ओर रवाना हुये। यह कम्युनिटी कार्यक्रम 'सेलामत दतंग मोदीजी' नाम से माइंस इंटरनेशनल एक्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। भारतीय डायस्पोरा की ओर से आयोजित इस इवेंट में लगभग 800 डांसर्स ने लगातार पांच मिनट तक कोरियोग्राफ्ड डांस परफॉर्मेंस दी , जिसमें भारतीय शास्त्रीय और लोक नृत्यों की विविधता दिखाई गई। कार्यक्रम में हजारों भारतीय मूल के लोग शामिल हुये , जो भारत-मलेशिया के सांस्कृतिक और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने का माध्यम बना।

निवेश और व्यापार का बड़ा केन्द्र है भारत - पीएम मोदी

यहां पीएम मोदी ने अपने भाषण में बताया कि कि कैसे प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने प्रोटोकॉल की सीमाओं को तोड़कर एयरपोर्ट पर स्वयं प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया और उन्हें अपनी ही कार में साथ बिठाया। भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपनी कार ही नहीं , बल्कि अपनी सीट भी साझा की।? पीएम ने कहा कि 'मैंने वादा किया था और मैं आ गया. ये 2026 में मेरा पहला विदेश दौरा है। मोदी ने कहा कि दुनियां भारत को सिर्फ एक बड़ा बाजार मानती थी , लेकिन अब भारत निवेश और व्यापार का एक बड़ा केंद्र बन चुका है। आज भारत को विकास के लिये एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जाता है। चाहे ब्रिटेन हो , यूएई , ऑस्ट्रेलिया , न्यूजीलैंड , ओमान , यूरोपीय संघ या अमेरिका जैसे कई देशों ने भारत के साथ व्यापार समझौते किये हैं। भारत आपके दिलों में एक खास जगह रखता है। वर्ष 2001 में गुजरात में भूकंप आया था , उस समय आप सभी (भारतीय समुदाय) ने मिलकर भारत की मदद की थी और इसके लिये सभी को धन्यवाद। उन्होंने बताया कि कुछ महीने पहले एक ऐतिहासिक फैसला लिया गया , जिसके तहत मलेशिया में भारतीय मूल के लोगों को छठी पीढ़ी तक ओआईसी कार्ड की सुविधा दी गई है। बताते चलें कि मलेशिया में पीएम मोदी के भाषण शुरू होने से पहले मलेशिया में मौजूद भारतीय प्रवासियों ने मोदी-मोदी के नारों से उनका स्वागत किया। वहीं मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने पीएम मोदी का स्वागत करते हुये भाषण की शुरुआत में उनके कुआलालम्पुर दौरे पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने पीएम मोदी को 'भारत से आया दोस्त' बताते हुये कहा आसियान में भारत और मलेशिया एक-दूसरे के लिये टॉप ट्रेडेंग पार्टनर्स है। अनवर ने ट्रेड के अलावा टूरिज्म , भारतीय प्रवासियों और त्योहारों के जरिये भारत-मलेशिया की करीबी रिश्तों और मलेशिया इंडिया डिजिटल पार्टनरशिप का भी जिक्र किया।

पीएम इब्राहिम ने किया आत्मीय स्वागत

मलेशिया पीएम के साथ आज होगी व्यापक वार्ता

यह पीएम मोदी की वर्ष 2015 के बाद मलेशिया की तीसरी यात्रा है और 2024 में स्थापित व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने का महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन पीएम मोदी का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में रणनीतिक संतुलन , समुद्री सुरक्षा और आपूर्ति शृंखलाओं को लेकर वैश्विक राजनीति तेजी से बदल रही है। प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा के दौरान 08 फरवरी रविवार को भारतङ्कमलेशिया सीईओ फोरम की दसवीं बैठक भी कुआलालंपुर में होगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री मलेशिया के बड़े उद्योगपतियों और कारोबारी नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी रविवार को मलेशिया के प्रधानमंत्री के साथ व्यापक वार्ता करेंगे , जिससे दोनों देशों के बीच सहयोग को और बढ़ाने के लिये कई समझौतों पर पहुंचने की उम्मीद है। यह यात्रा एक्ट ईस्ट पॉलिसी , इंडो-पैसिफिक विजन और विजन महासागर के तहत भारत की दक्षिण-पूर्व एशिया नीति का अहम हिस्सा है। दोनों प्रधानमंत्री रविवार को विस्तृत द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

nandgaon times feb-08-3.qxd 2/7/2026 10:06 PM Page 2

एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 14 फरवरी को कविराज टोला गांव में

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कविराज टोलागांव (घोरदा) में 14 फरवरी 2026 शनिवार शाम 6:00 बजे से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष



भी एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्?डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। आयोजक समिति के संयोजक व निषाद समाज के जिला उपाध्यक्ष लोकेश निषाद ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 201 रुपए है । प्रथम 7001 मटेरियल सप्लायर कविराज टोलागांव, द्वितीय 5001 श्रीमती चांदनी साहू (सरपंच बुध्दूभरदा), तृतीय 3001 श्री उमेश साहू जनपद सभापति, चतुर्थ 2001 श्री हंसराज सोनकर अर्जुनी द्वारा प्रदान किया जायेगा । प्रतियोगिता हेतु लोकेश निषाद 9131269673, रुपेश बंजारे 6266714093, किशोर निषाद 6262986715, रविन्द्र निषाद 8817296519 से संपर्क कर सकते हैं ।आकर्षक पुरस्कार- बेस्ट रेडर समिति द्वारा सिल्ड कप, बेस्ट आलराउण्डर समिति द्वारा सिल्ड कप, बेस्ट केयर समिति द्वारा सिल्ड कप, बेस्ट बालर समिति द्वारा सिल्ड कप प्रदान किया जायेगा । **प्रतियोगिता का नियम व शर्ते** - सभी मैच मेट में खेला जायेगा । जिला कबड्डी संघ से अनुमति प्राप्त। अंपायर का निर्णय अंतिम एंव सर्वमान्य होगा। खिलाड़ी को किसी प्रकार के चोट लगने पर स्वंय जिम्मेदार होगा। नशे की हालत में खिलाड़ियों का प्रवेश वर्जित है। विवाद की स्थिति में दोनों टीमों को बाहर किया जायेगा। अन्य नियम समिति के पास सुरक्षित है। आयोजक समिति संरक्षक जानिक निषाद व रोशन बंजारे ने आस पास क्षेत्र के खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में कब्बड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है।

जिले के हैंडबॉल खिलाड़ियों का चयन ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी में

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिले की हैंडबॉल महिला

खिलाड़ी उतरा धीवर, भूमि कोचर, पूर्वी ठाकुर,न्योति मंडावी,सविता नारंग का चयन हेमचंद विश्वविद्यालय की टीम में हुआ जो कि मेघालय में 10 फरवरी से 14 फरवरी 2026 तक आयोजित ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में भाग लेंगी सभी खिलाड़ियों को राजनांदगांव हैंडबॉल खेल प्रेमियों की ओर से बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं । यह जानकारी जयेश मुदलियार ने दी।

ज़िले के 55 हज़ार से अधिक ग्रामीणों ने जाना उनके रोजगार का अधिकार है सुरक्षित

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। कबीरधाम जिले के 437 ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों में लगे 55599 ग्रामीणों को

विकसित भारत गारंटी फ़ॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अंतर्गत उनके रोजगार के अधिकार सुरक्षित होने, समय पर मजदूरी भुगतान मिलने, ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास,आजीविका डबरी के फायदे सहित ग्रामीणों को होने वाले लाभ के विषय में रोजगार एवं आवास दिवस के अवसर पर संवाद स्थापित कर जानकारी दी गई। वनांचल ग्राम पंचायत सेंदुरखार, महीडबरा, पोलमी पंडरीपानी, भेलकी, छुही, अमनआरा, बाकी, खड़ीदाखुर्द से लेकर सूरजपुरा जंगल, दानीघटोली, लाखाटोला, सिल्हाटी, धर्मगढ़ एवं तालपुर सहित जिले के सभी 471 ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस का आयोजन कर 1 अप्रैल 2026 से प्रत्येक पंजीकृत परिवारों को 100 के बजाय 125 दिनों का रोजगार, एक सप्ताह अथवा अधिकतम 15 दिवस के भीतर मजदूरी भुगतान होने तथा समय पर मजदूरी भुगतान नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता, ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले अधोसंरचना विकास, क्यूआर कोड का उपयोग करने और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से उनके आवास निर्माण पर चर्चा कर योजना की जानकारी दी गई।

शा.उ.मा.शाला मुसरा में विशेष अध्यापन कक्षाओं का आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के निर्देशानुसार शा.उ.मा. शाला मुसरा वि.खं. डोंगरगढ़ में आगामी 10वीं एवं 12वीं की वार्षिक बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों हेतु विशेष कक्षाएं दिनांक 31/01/2026 से 03/02/2026 तक आयोजित की गई, जिसमें शा.उ.मा. शाला मुसरा के अतिरिक्त निकटतम दूरी की शालाएं मोहारा, बिल्हरी, आलीवारा, रेंगाकठेरा, पारागांवखुर्द, माडीतराई, पलान्दुर व रुवातला के विद्यार्थी उपस्थित रहे.

शुभांक
1-2-7
259-6 267-5

अंतरक्षेत्रीय विद्युत फुटबाल प्रतियोगिता का शानदार शुभारंभ

पहले दिन हुए रोमांचक मुकाबले में मेजबान टीम ने दुर्ग क्षेत्र को 2-0 से दी करारी शिकस्त

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड राजनांदगांव की मेजबानी में आज राजनांदगांव डीपीएस स्कूल मैदान में अंतरक्षेत्रीय विद्युत पॉवर कंपनीज फुटबॉल प्रतियोगिता का शानदार आगाज हुआ। प्रदेश स्तरीय इस प्रतियोगिता में मेजबान टीम राजनांदगांव क्षेत्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दुर्ग क्षेत्र की टीम को 2-0 से करारी शिकस्त दी। मैच के पहले हॉफ में दोनो टीमों ने आक्रमक खेल दिखाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। पहले ही हॉफ में मेजबान टीम ने 2-0 की बढ़त बनाकर मेहमान टीम दुर्ग क्षेत्र पर दबाव बनाया। । प्रतियोगिता के दूसरे मैच कोरबा वेस्ट और रायपुर सेंट्रल के बीच खेला गया, जिसमें कोरबा वेस्ट ने जोरदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रायपुर सेंट्रल की टीम को एक तरफा अंदाज में 5-0 से पराजित किया। तीसरा मैच बिलासपुर क्षेत्र एवं रायपुर सेंट्रल के बीच खेला गया 7 दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया लेकिन मुकाबला बराबरी का रहा और दोनों टीमों को ड्रा पर ही संतोष करना पड़ा। चौथा मैच कोरबा

वेस्ट और मड़वा क्षेत्र के मध्य खेला गया, जिसमे गत विजेता कोरबा वेस्ट ने फिर से जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए 5-0 से मुकाबले को अपना नाम किया। पांचवाँ मुकाबला अंबिकापुर क्षेत्र और कोरबा ईस्ट के बीच खेला गया इस मैच में भी दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाया परन्तु यह मुकाबला भी बराबरी पर समाप्त हुआ। क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद राजनांदगांव क्षेत्र के तत्वाधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री शिरीष सेलट के करकमलों द्वारा दीपप्रज्वलन के माध्यम से किया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से श्री सेलट ने संस्कारधानी में सभी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम भावना से खेलें। प्रदेश स्तर पर आयोजित पॉवर कंपनीज के इस प्रकार के आयोजनों से अधिकारियों/कर्मचारियों के बीच आपसी समझ एवं भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री मंगल तिर्की, अधीक्षण अभियंता श्री शंकेश्वर कंवर, श्री के.सी. खोटे, कार्यपालन अभियंता श्री कौशलेन्द्र पाण्डे, श्री आलोक दुबे,श्री एन0के0 साहू, श्री डी0 दिलेश्वर राव, श्री अनिल मिंज, सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। प्रतियोगिता के औपचारिक उद्घाटन के पश्चात् अतिथियों ने सभी टीमों के मैनेजर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन समारोह में विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित हुये। मैच में निर्णायक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी जिला फुटबॉल संघ के अंपायरों द्वारा निभाई। ज्ञात हो कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन 08 फरवरी 2026 को सुबह 09 बजे से 08 लीग मैच खेले जाएंगे।

खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि नशा, अपरा से दूर रखने में भी भूमिका निभाते हैं-एएसपी अमित पटेल

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। कबीरधाम जिले में पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय एवं सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल के मार्गदर्शन में सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कबीरधाम पुलिस द्वारा थाना रेंगाखार क्षेत्रांतर्गत ग्राम घानीखूंटा में कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल द्वारा ग्राम घानीखूंटा पहुंचकर किया गया। यह कबड्डी प्रतियोगिता दिनांक 06 फरवरी से 08 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। उद्घाटन अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल ने खिलाड़ियों एवं उपस्थित ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि युवाओं को नशा, अपराध एवं

असामाजिक गतिविधियों से दूर रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना है, ताकि समाज में शांति, सद्भाव और सुरक्षा का माहौल बना रहे। उन्होंने युवाओं से खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने, अनुशासन का पालन करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। साथ ही ग्रामीणों से पुलिस प्रशासन को सहयोग देने एवं सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, थाना रेंगाखार के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए कबीरधाम पुलिस द्वारा समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। कबीरधाम पुलिस द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार के खेल एवं सामाजिक गतिविधियों के आयोजन कर युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

युगांतर पब्लिक स्कूल में लायंस टॉप 10 एवं शिक्षक सम्मान समारोह भव्यता से संपन्न

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के तत्वावधान में युगांतर पब्लिक स्कूल, राजनांदगांव में लायंस टॉप 10 एवं शिक्षक सम्मान समारोह का गरिमामय एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा समाज की नींव मजबूत करने वाले शिक्षकों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन बसंत पंचमी के पावन अवसर के तुरंत बाद किया गया, जो ज्ञान, विद्या और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। ऐसे शुभ अवसर पर सम्मान समारोह ने कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया। मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम राजनांदगांव के आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के अध्यक्ष एमजेएफ लायन अमित खंडेलवाल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत के साथ हुआ। अध्यक्षीय उद्बोधन अध्यक्ष लायन अमित खंडेलवाल ने अपने

अध्यक्षीय भाषण में सर्वप्रथम अपने माता पिता को प्रणाम करते हुए उनकी वैवाहिक वर्षगांठ के पावन अवसर को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी के शुभ समय में इस प्रकार का आयोजन अत्यंत प्रेरणादायक है। माँ सरस्वती का आशीर्वाद सदैव विद्यार्थियों पर बना रहे और सभी बच्चों का भविष्य उज्वल हो यही कामना की मुख्यअतिथि का संबोधन मुख्य अतिथि आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए लायंस क्लब द्वारा किए जा रहे ऐसे आयोजनों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह बच्चों में आत्मविश्वास, ऊर्जा और आगे बढ़ने की प्रेरणा भरते हैं। विशिष्ट उपस्थिति इस अवसर पर रोजन चेयरमैन एमजेएफ लायन राजकुमार शर्मा, ज़ोन चेयरपर्सन लायन शारदा तिवारी, विद्यालय के प्राचार्य श्री मधुसूदन नायर, लायन रमेश गुप्ता, शोभा शर्मा, शोभा चौरसिया, टीना खंडेलवाल (अध्यक्ष लिनेश क्लब), रणदीप भाटिया, मुकेश शर्मा, सिद्धार्थ कोठारी सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

अटल डिजिटल सेवा केंद्र से गांव-गांव पहुंचेगी डिजिटल क्रांति ग्रामीणों को मिलेगी त्वरित व पारदर्शी सेवा - किरण रविन्द्र वैष्णव

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम पंचायत मुसराकला में अटल डिजिटल सेवा केंद्र का लोकार्पण समारोह गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री किरण साहू ने की। साथ ही इस अवसर पर जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अध्यक्ष श्रीमती लता अजय सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य श्री महेन्द्र यादव, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती सीमा ओमप्रकाश साहू एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री लक्ष्मीनारायण वर्मा, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती गायत्री शिव टेंभुरकर विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। लोकार्पण के पश्चात जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा कि अटल डिजिटल सेवा केंद्र ग्रामीण अंचल में शासन की योजनाओं एवं सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। इससे प्रमाण पत्र, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, ऑनलाइन आवेदन सहित अनेक सेवाएं ग्राम स्तर पर ही सहजता से उपलब्ध होंगी। साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री किरण साहू ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि तकनीक के माध्यम से शासन और जनता के बीच की दूरी को कम करना ही अटल डिजिटल सेवा केंद्र की मूल भावना है, जो ग्रामीण

विकास को नई दिशा देगा।जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अध्यक्ष श्रीमती लता अजय सिन्हा ने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को समयबद्ध और सुगम सेवाएं प्राप्त होंगी, जिससे आमजन को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान संभव होगा। जिला पंचायत सदस्य श्री महेन्द्र यादव ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि अटल डिजिटल सेवा केंद्र ग्रामीण जनता को डिजिटल रूप से सशक्त बनाएगा और शासन-प्रशासन में पारदर्शिता को बढ़ावा देगा। यह पहल गांवों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री लक्ष्मीनारायण वर्मा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में अटल डिजिटल सेवा केंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका होगी और इससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल जागरूकता को बढ़ावा मिलेगा। लोकार्पण के पश्चात अतिथियों द्वारा अटल डिजिटल सेवा केंद्र का निरीक्षण किया गया एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गई। साथ ही इस अवसर पर दिनेश्वर दास वैष्णव, ग्राम के सरपंच श्रीमती गायत्री शिव टेंभुरकर,अजय सिन्हा,कमल निर्लमलकर सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, पंचायत प्रतिनिधि, महिला समूहों के सदस्य एवं युवा उपस्थित रहे।

आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन

बालोद (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन एवं जनशिकायत निवारण विभाग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन बालोद द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पटेली में 16 फरवरी तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम कमकापार में 26 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से शाम 05 बजे तक जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन हेतु ग्राम पटेली में आयोजित शिविर हेतु अनुविभागीय अधिकारी डौण्डी श्री सुरेश साहू नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत डौण्डी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री डौडी मण्डले सहायक नोडल अधिकारी होंगे। इसी तरह ग्राम कमकापार में आयोजित शिविर हेतु अनुविभागीय अधिकारी डौण्डीलोहारा श्री शिवनाथ बघेल नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत डौण्डी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी होंगे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में प्रत्येक माह न्यूनतम दो जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिनमें सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहेंगे। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनता की समस्याओं, मांगों और शिकायतों का मौके पर ही प्रभावी ढंग से निराकरण करना है। जिससे राज्य शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए शिविर स्थल पर सभी विभागों के सुव्यवस्थित स्टॉल लगाए जाएंगे और योजनाओं

जनकल्याणकारी योजनाओं में अनियमितता पर कबीरधाम पुलिस की सख्त कार्रवाई, बैगा ट्राइबल आवास घोटाले का आरोपी गिरफ्तार

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह (भापुसे) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र कुमार बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बोड़ला अखिलेश कौशिक के पर्यवेक्षण में थाना तरेगांव जंगल पुलिस द्वारा ट्रायबल एवं बैगा आवास योजना में की गई धोखाधड़ी के प्रकरण में प्रभावी कार्रवाई की गई है।

घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी सिद्धराम मसराम, ग्राम पंचायत कुकरापानी थाना तरेगांव जंगल द्वारा दिनांक 05.02.2026 को थाना उपस्थित होकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदन में उल्लेख किया गया कि वह अक्टूबर 2024 से ग्राम पंचायत कुकरापानी में सचिव के पद पर कार्यरत है। ग्राम पंचायत कुकरापानी के खाता क्रमांक 77075410408 (छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, बोड़ला) में ट्रायबल एवं बैगा आवास योजना की राशि 21,50,000 रुपये दिनांक 30.10.2024 को जमा हुई थी। दिनांक 28.11.2024 को जनपद पंचायत बोड़ला के बाबू लोचन जायसवाल द्वारा जानकारी दी गई कि उक्त राशि जिला पंचायत के माध्यम से जमा की गई है तथा तकनीकी सहायक पवन चंद्रवंशी एवं ठेकेदार छोटूराम चंद्रवंशी को आवास निर्माण हेतु भुगतान किया जाना है। इसके पश्चात तत्कालीन सरपंच रमली बाई, सरपंच पति मोती बैगा एवं सचिव सिद्धराम मसराम के साथ बैंक जाकर आहरण फार्म भरकर संपूर्ण राशि 21,50,000 रुपये बैंक से निकालकर तकनीकी सहायक पवन चंद्रवंशी एवं ठेकेदार छोटूराम चंद्रवंशी को बैगा आवास निर्माण हेतु दी गई। प्रार्थी द्वारा बताया गया कि आज दिनांक तक ग्राम पंचायत कुकरापानी के किसी भी बैगा आदिवासी परिवार का आवास निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ है। ट्रायबल एवं बैगा आवास निर्माण के लिए प्राप्त संपूर्ण राशि को तकनीकी सहायक पवन चंद्रवंशी एवं ग्राम लखनपुर

भारतीय न्याय संहिता तथा अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 की धारा 3(2)(व) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में यह भी पाया गया कि अन्य आरोपी पवन चंद्रवंशी शासकीय सेवक (पंचायत तकनीकी सहायक) है, जिसके कारण प्रकरण में धारा 316(5) बीएनएस जोड़ी गई। साथ ही बैगा जैसी विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों के साथ धोखाधड़ी कर आर्थिक नुकसान पहुंचाए जाने पर अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(2)(व) जोड़ी गई। आरोपी ठेकेदार छोटूराम चंद्रवंशी पिता स्व. राम रतन चंद्रवंशी निवासी ठेकेदार छोटूराम चंद्रवंशी द्वारा छलपूर्वक रख लिया गया, जिससे 17 बैगा परिवारों को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है। प्रकरण में थाना तरेगांव जंगल में अपराध क्रमांक 03/26 अंतर्गत धारा 318(4), 316(5), 3(5) उम्र 47 वर्ष साकिन लखनपुर खुर्द थाना बोड़ला जिला कबीरधाम (छत्तीसगढ़) को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार किया गया। आरोपी के मेमोरेंडम कथन में बताया गया कि आवास निर्माण की राशि से ईंट, रेत, गिट्टी, सीमेंट एवं छड़ की खरीदी की गई, जिसका उपयोग अन्य ठेकेदारी कार्यों में कर लिया गया। आरोपी द्वारा प्रस्तुत सामग्री की रसीदें एवं इस्तेमाली मोबाइल फोन को समक्ष गवाहों के जप्त किया गया है। आरोपी छोटूराम चंद्रवंशी को दिनांक 07.02.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर परिजनों को सूचना दी गई। प्रकरण का अन्य आरोपी पवन चंद्रवंशी (पंचायत तकनीकी सहायक) घटना के बाद से फरार है, जिसकी तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उक्त संपूर्ण कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष कंसारी के नेतृत्व में थाना तरेगांव जंगल पुलिस टीम द्वारा की गई जिसमें, हेड कांस्टेबल वसीम बारी, आर. मनोज लहरे, आर. विलकेश कोसरिया एवं बोडला थाना से स्टु गोविंद चंद्रवंशी, एएसआई प्रह्लाद चंद्रवंशी, आर .राजेश साहू एसडीओपी ऑफिस बोड़ला का विशेष योगदान रहा।

न्यायालय तहसीलदार अं. चौकी
जिला मोहला मानपुर अं.चौकी
// ईश्तहार//

रा0प0क्र0.....दिनांक 13.01.2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय अधीक्षक डाकघर, राजनांदगांव संभाग राजनांदगांव का पत्र क्रमांक म्पुट्टेशन/अं.चौकी उपडाकघर / 51 राजनांदगांव दिनांक 10.10.2025 अनुसार अं.चौकी उपडाकघर के सूचाक संचालन भविष्य में प्रस्तावित भवन निर्माण तथा विभागीय कार्यो की निरंतरता को दृष्टित रखते हुए ग्राम अं.चौकी स्थित आबादी भूमि खसरा नं. 504 रकबा 0.332 हे0 में से 0.032 हे./320 वर्गमीटर भूमि को उपडाकघर के नाम पर आबंटित किये जाने की मांग किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय तहसीलदार अं.चौकी के न्यायालय में दिनांक 27/01/2026 को कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकते है। पश्चात् दावा-आपत्ति पर कोई विचार/सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक 02/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पट मुद्रा सहित जारी किया गया।

सील **तहसीलदार अं. चौकी**

ज्ञान मंथन

1) माउंट धौलागिरी किस देश में स्थित है?

2) खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 की मेजबानी कौन सा शहर करेगा?

3) किस बैंक को ग्लोबल फाइनेंस द्वारा वर्ल्ड्स बेस्ट कंज्यूमर बैंक 2025 का पुरस्कार मिला?

4) इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 का थीम क्या है?

5) कौन सी गैलेक्सी चपटे गोले जैसी दिखती है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) नेपाल (2) नई दिल्ली (3) स्टेट बैंक ऑफइंडिया (4) यूनाइटिंग ओशन्स, वन मैरीटाइम विज़न (5) अंडाकार गैलेक्सी

छत्तीसगढ़ के स्कूल बनते जा रहे हिंसा के अड्डे - विशु अजमानी

कहा - भाजपा सरकार की लापरवाही उजागर

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ में हाल के दिनों में स्कूली बच्चों से जुड़ी लगातार सामने आ रही हिंसक घटनाओं ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था, सामाजिक माहौल और शिक्षा परिसरों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्कूल, जिन्हें बच्चों के सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की नींव माना जाता है अब असुरक्षा और भय के केंद्र बनते नजर आ रहे हैं। राजनांदगांव जिले में एक स्कूली छात्र पर दिनदहाड़े धारदार हथियार से हमला किए जाने की सनसनीखेज घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना के बाद अभिभावकों में गहरा आक्रोश और चिंता का माहौल है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब बच्चे स्कूल जाते समय और लौटते वक्त भी सुरक्षित नहीं हैं, तो उनकी जिम्मेदारी आखिर किसकी है इसी बीच राजधानी रायपुर के आत्मानंद स्कूल में एक छात्र के पास चाकू मिलने की घटना ने हालात की गंभीरता को और उजागर कर दिया है। स्कूल परिसर के भीतर इस तरह की घटनाएं सामने आना यह दर्शाता है कि सुरक्षा व्यवस्था कहीं न कहीं पूरी तरह विफल हो चुकी है। यह मामला केवल एक स्कूल या एक छात्र तक सीमित नहीं बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र के लिए चेतावनी है। इन घटनाओं को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव विशु अजमानी ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह केवल स्कूलों में सुरक्षा की कमी का मामला नहीं है बल्कि प्रदेश में लगातार बढ़ रहे नशे, हिंसा और सरकार की नीतिगत लापरवाही का सीधा परिणाम है। श्री अजमानी ने कहा बच्चों के हाथों में किताबों की जगह हथियार नजर आना बेहद खतरनाक संकेत है। यह साफ दर्शाता है कि प्रदेश में बच्चों को मिलने वाला सामाजिक और मानसिक वातावरण तेजी से बिगड़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार आंख मूंदकर बैठी है और इसका खामियाजा मासूम बच्चे भुगत रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार को इन घटनाओं को अलग-थलग मामलों के रूप में देखने की भूल नहीं करनी चाहिए। यह आने वाले समय के लिए एक गंभीर चेतावनी है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो हालात और भयावह हो सकते हैं। प्रदेश सचिव विशु अजमानी ने सरकार से मांग की कि प्रदेश के सभी स्कूलों में सुरक्षा व्यवस्था को तत्काल सुदृढ़ किया जाए नशे के खिलाफप्रभावी, निरंतर और ज़मीनी स्तर पर अभियान चलाया जाए बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए काउंसलिंग व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए उन्होंने कहा कि बच्चों की मानसिक स्थिति को समझे बिना केवल प्रशासनिक कदम पर्याप्त नहीं होंगे। अंत में विशु अजमानी ने दो टूक कहा कि प्रदेश के बच्चों का सुरक्षित, सकारात्मक और भयमुक्त भविष्य सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए।

युगांतर में सफल सेमिनार का आयोजन - से टू नो

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। युगांतर पब्लिक स्कूल के तत्वाधान में कॅरियर निर्माण हेतु एक सफल सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसकी मुख्य वक्ता सुश्री अंकिता शर्मा एस. पी. राजनांदगाँव थीं । विद्यालय के प्राचार्य श्री मधुसूदन नायर ने सुश्री शर्मा का परिचय दिया । एस पी शर्मा ने अपने वक्तव्य का प्रारंभ अपने जीवन की संघर्षमयी घटनाओं से किया । उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि कभी भी अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि वह लक्ष्य आपको सदैव प्रेरित करता रहे । आप यह ध्यान रखें कि आप चाहे डॉक्टर बनें, इंजीनियर बनें, सी. ए. बनें या कोई अन्य पद हासिल करने की इच्छा रखें, सबसे पहले आप यह सोचें कि यदि आप इन पदों तक ही सीमित रहे तो विश्व- नियंता कौन बनेगा, कौन समाज, देश या विश्व को चलाएगा ? विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि छात्रों में आत्मविश्वास भरा होना चाहिए । आत्मविश्वास ही वह अस्त्र है, जिसके बल पर किसी भी चुनौती का आप डटकर सामना कर सकते हैं, लेकिन कुछ ऐसी बातें भी हैं, जिसने बचना होगा और वे बाते हैं ड्रग्स को स्नोज् कहना, मोबाइल से दूर रहना । अपने भीतर सिविक सेंस को डेवलप करना सबसे ज़रूरी है । इसे डेवलप करने के बाद डिसिप्लिन खुद-ब- खुद आ जाती है, बालिकाओं या महिलाओं के साथ जो अभद्रता की जाती है, उसका प्रतिकार कैसे करना चाहिए ? छात्राओं को पढ़ाई के साथ एक हॉबी अपनानी चाहिए जिसमें सेल्फ़ डिफ़ेंस शामिल हो । अभद्रता करते समय स्नोज् कहना और उसका प्रतिकार करना सीखें । कभी भी अभद्रता या गलत टिप्पणी सुनने या सहने की आदत न डालें अन्यथा यही आदत गलत लोगों को वैसा करने के लिए प्रश्रय देती है । उन्होंने स्पष्ट कहा कि गलत का उत्तर तभी दे सकती हैं जब आप शारीरिक रूप से सक्षम हों । उन्होंने माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करने की सीख दी । उन्होंने कहा कि जब जीवन में मुश्किलें आती हैं, माता-पिता और गुरुजन ही सहायक होते हैं । मित्र कभी काम नहीं आते और मित्र बनाना है तो उसका भी सही चुनाव होना चाहिए । किसी को भी मित्र न बनाएँ । उन्होंने सदैव अच्छी पुस्तकें पढ़ने और उनसे ज्ञान प्राप्त करने पर जोर दिया । पुस्तकों का चुनाव भी सही होना चाहिए । छात्र अनुज चांडक को उन्होंने एक पुस्तक भेंट करने को भी कहा । इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़िया उपस्थित रहे।

उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए डॉ चेतन साहू हुए सम्मानित

नौ दिन तक नि:शुल्क जांच कर जरूरत मंद गरीबों का ईलाज किया

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। लाल बहादुर नगर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम मानस महा यज्ञ में संत श्री चिन्मयानंद बापू जी द्वारा उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए डॉ चेतन साहू को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के संयोजक नोबल साहू ने बताया कि डॉ चेतन साहू ने नौ दिन तक जरूरत मंद गरीब मरीजों की बी. पी., सुगर,हृदय रोग ,साँस की बीमारी, वात रोग का उपचार एवं दवाई देकर नि: शुल्क सेवा की गई है। नौ दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव एवं यज्ञ समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।इस शिविर में 783 मरीजों को नि: शुल्क सेवा का लाभ प्राप्त हुआ। अंतिम दिवस में नेत्र जांच किया गया जिसमें 50 मरीजों को लाभ लिया गया। मरीजों को स्वस्थ जीवन शैली एवं नि: शुल्क परामर्श दिया गया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में संयोजक नोबल साहू,नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, छबिलाल साहू, अशोक साहू, रमेश यादव, राकेश सिन्हा, रामजी साहू, जगन यदु, संतोष ढीमर, शीलेंद्र देवांगन , योगेश साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक यशवंत साहू,संगठन सचिव माधव साहू, जिला सलाहकार परदेशी राम साहू, तिजेंद्र साहू,संभागीय संयोजक रूपेश साहू,सचिव अनिल साहू, भोज गंजीर, भीखू राम साहू आदि का सराहनीय सहयोग रहा। नौ दिवसीय श्रीराम मानस महायज्ञ में संत चिन्मयानंद बापू के धार्मिक आयोजन में लाभ लेने वाले प्रमेप्रेमी भक्तों श्रद्धालुओं और श्रेत्र से पहुंचे मरीजों को ऐसे धार्मिक आयोजन में नि:शुल्क जांच शिविर में मुझे नौ दिनों तक सेवा करने का मौका मिला ये मेरा सौभाग्य है ऐसा सेवा का मौका बहुत कम मिलता है डा चेतन साहू ने कहा जिला साहू संघ द्वारा नि:शुल्क शिविर आयोजन में भी अनेकों बार सेवा का मौका मिला है ऐसे धार्मिक आयोजन में नि:शुल्क सेवा शिविर देने के लिए आयोजन समिति के प्रति डा चेतन साहू ने आभार व्यक्त किया है।

हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2026 को लेकर जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने नई पहल

समस्याओं के लिए विशेषज्ञों से सीधे मोबाईल नंबर से संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान कर सकेंगे

बालोद (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित होने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2026 को लेकर जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने नई पहल की है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने आगामी 20 फरवरी से 18 मार्च 2026 के बीच होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों की सहायता और उनके परीक्षा के तनाव को कम करने के लिए जिला स्तरीय ज्ह्ल्प्लाइन-2026ज् जारी किया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विषय विशेषज्ञ प्रात: 10 से शाम 4 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान परीक्षार्थी अपनी विषयगत समस्याओं के लिए विशेषज्ञों से सीधे मोबाईल नंबर से संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने हाई एवं हायर सेकण्डर स्कूल के गणित, अंग्रेजी, भौतिकी, रसायन और वाणिज्य वाले विषयों सहित कुल 13 संकायों के लिए अनुभवी प्राचार्य एवं व्याख्याताओं की सूची एवं मोबाईल नंबर जारी की है। जिसमें हाई स्कूल अंतर्गत हिन्दी विषय हेतु व्याख्याता श्रीमती बी. साहू (9754290256), श्री ईश्वर लाल लेण्डिया (9752632026), श्री ज्ञानेश्वर साहू (7869437185), श्री दिनेश साहू (9406255781), श्री रामखिलावन देवांगन (9424132487) है। इसी तरह हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूल अंतर्गत अंग्रेजी विषय हेतु प्राचार्य श्री शेषलाल साहू (9406092777), व्याख्याता श्री आर.एन. देशमुख (9340513485), श्री एच.एल. जोशी (9340513485), श्रीमती हर्षा देवांगन (9993780507), श्रीमती सुनीता पटेल (9424233851), श्री पी.वी. जैक्सन (9893960198) है। इसी तरह हायर सेकण्डरी स्कूल अंतर्गत गणित विषय हेतु श्री गजाधर श्याम (9424110232), कु. दिव्या बैद्य (9926116708), श्रीमती श्वेता वर्मा (9981701095), श्री सी.पी. साहू (9407607419) है। इसी तरह हाई स्कूल अंतर्गत गणित विषय हेतु व्याख्याता श्री धर्मेन्द्र कुमार सोनी (9074644470), श्री के.एल. ग्वाल (6261634656), श्री सुभाष सोनी (9981063535), श्री लोचन देशमुख (9893398370), श्री सुनील कुमार गुप्ता (9685185813) है। इसी तरह भौतिकी विषय हेतु श्री बी.एन. योगी (9407606582), श्री अजय वर्मा (9993733551), श्री मिथिलेश साहू (8817818555), श्री एच.एल. साहू (7869947631), श्री संदीप वर्मा (9479229921) है। रसायन विषय हेतु व्याख्याता श्री आई.एल. साहू (8959124354), श्रीमती सुनीता राणा (9893904802), श्री यीष्टदेव देवांगन (8817257982), श्री नेमसिंह साहू (6261975116), श्रीमती रामेश्वरी देवांगन (7389402115) है। जीव विज्ञान हेतु व्याख्याता श्री अजय कुमार देशमुख (7000559766), श्री उमेश कुमार साहू (8827261867), श्री प्रमोद कुमार देशमुख (9893462598), श्रीमती कादम्बिनी यादव (9406351351), श्रीमती अनुपा पाण्डे (7587148847), श्री अजय कुमार ठाकुर (9691076356) है। भूगोल हेतु प्राचार्य श्री एम.एल. गौतम (9407607433), व्याख्याता श्री सत्यवान पिपरिया (9752606531), श्री विजय गावरे (8435724639) है। इतिहास हेतु व्याख्याता श्री आर.एन. राणा (7879851919), श्री सोमन लाल नागवंशी (7000559766), श्री हरिश्चन्द्र पटेल (9691076356) है। राजनीति हेतु व्याख्याता श्री सूरज गोपाल गंगबेर (7879851919), श्री डी.एस. साहू (7000559766), श्री सूर्यप्रकाश जोशी (9691076356) है। सामाजिक विज्ञान हेतु श्री लोमन कुमार राणा (9981756110), श्री डी.एल. सहारे (9981679076), श्री हरिश्चन्द्र पटेल (9893415797), श्री सोमन लाल नागवंशी (7000559766) है। वाणिज्य हेतु व्याख्याता श्रीमती राजेश्वरी तिवारी (7987033358), श्री विनोद कुमार यादव (7000556218), श्री रमेश कुमार साहू (8223982133), श्री मनीष बोरकर (9827975417), श्री विवेक धुर्वे (9907121818), श्री भूपेन्द्र कुमार यादव (9098400469), श्रीमती पायल पवार (9907114090) है। संस्कृत हेतु श्री पी.एल. देशमुख (9691776611), श्री पुर्णोत्तम साहू (9098157563), श्री मेघनाथ साहू (9755500859) है। कृषि हेतु व्याख्यता श्री वेदकुमार देवांगन (7974585635), श्री रोमेन्द्र देवांगन (9630300479), श्रीमती स्नेहलता ठाकुर (8839666826) है। इसी तरह बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थी परीक्षा के दौरान होने वाले परीक्षा के दौरान मानसिक तनाव प्रबंधन हेतु सिविल सर्जन डॉ. श्रीमाली से उनके मोबाइल नंबर 9424296048 पर संपर्क कर उचित परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

मारगांव में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से संपन्न

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला मारगांव में विद्यालय का वार्षिकोत्सव बड़े हर्षोल्लास एवं

धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राधा कंवर सरपंच ग्राम पंचायत मारगांव एवं शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष, सदस्य गण तथा शासकीय माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक नरेन्द्र देवांगन एवं ग्राम प्रमुख के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें गीत, कविता छत्तीसगढ़ी नृत्य सुवा,कर्मा ददरिया ,राऊत नाचा ,गौरा गौरी जस एवं सोशल मीडिया पर आधारित नाटक शामिल रहे। छात्रों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन मे सभी उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

लखोली मंडई मेला एवं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 13 फरवरी को

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। लखोली, राजनांदगांव में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सार्वजनिक मंडई समिति एवं समस्त वार्डवासियों के संयुक्त तत्वावधान में मंडई मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन शुक्रवार, 13 फरवरी 2026 को संपन्न होगा।मंडई मेले के अवसर पर रात्रि में प्रसिद्ध च्महतारी के आँसूज्ज् सांस्कृतिक कार्यक्रम की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृति, लोककला एवं सामाजिक संदेशों से भरपूर कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। आमंत्रित अतिथियों में—मान. श्री संतोष पाण्डे जी (सांसद, राजनांदगांव) मान. श्री अभिषेक सिंह जी (पूर्व सांसद, राजनांदगांव)मान. श्री मधुसूदन यादव जी (महापौर, राजनांदगांव) मान. श्री (गोस्वामी मेडिकल एजेंसी) मान. श्री उमराव यादव जी मान. श्री दीपक सोनकर जी (लखोली)मान. श्री हेमराज साहू जी (पूर्व पार्षद)मान. श्री मांगनदास साहू जी (लखोली)साथ ही वार्ड के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों—श्री डीलेश्वर साहू (वार्ड क्रमांक 35), श्रीमती चंद्रिका बाई साहू (वार्ड क्रमांक 36),श्री संतोष साहू (वार्ड क्रमांक 33),श्रीमती गिरीजा संतोष निर्मलकर (वार्ड क्रमांक 32)एवं श्रीमती रीना सिन्हा (वार्ड क्रमांक 31) की भी उपस्थिति रहेगी।

धर्म समाचार....

कार में इन मूर्तियों को रखना पड़ सकता है भारी, वास्तु का ये नियम देता है चेतावनी

हम जब भी नई कार लेते हैं, तो सबसे पहले अपने ईष्ट देव की छोटी सी मूर्ति डैशबोर्ड पर स्थापित करते हैं। माना जाता है कि इससे सफर सुरक्षित रहता है और ईश्वर का आशीर्वाद बना रहता है। लेकिन, वास्तु शास्त्र की मानें तो कार एक छोटा और गतिशील स्थान है। यहां मूर्तियों को रखने के नियम घर के मंदिर से काफी अलग होते हैं। अनजाने में की गई छोटी सी गलती आपकी एकाग्रता और सुरक्षा को प्रभावित कर सकती है।

मूर्तियों का आकार और चुनाव

वास्तु शास्त्र के अनुसार, कार में कभी भी बहुत बड़े आकार की मूर्ति नहीं रखनी चाहिए। डैशबोर्ड पर रखी मूर्ति इतनी बड़ी न हो कि वह ड्राइवर के 'व्यू' (रास्ते की दृष्टि) में बाधा डाले। धार्मिक मान्यताओं के आधार पर कार में भगवान की टूटी हुई या खंडित मूर्ति रखना अत्यंत अशुभ होता है। अगर मूर्ति का रंग फीका पड़ गया है या वह कहीं से चटक गई है, तो उसे तुरंत हटाकर किसी पवित्र स्थान पर विसर्जित कर देना चाहिए।

कौन सी मूर्तियाँ रखने से बचें ?

वास्तु के मुताबिक, कार में कभी भी उग्र रूप वाली मूर्तियां नहीं रखनी चाहिए। जैसे, मां काली का क्रोधित स्वरूप या युद्ध मुद्रा वाली तस्वीरें कार की ऊर्जा को अशांत कर सकती हैं। कार एक ऐसी जगह है जहां शांति और संतुलन की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, इसलिए यहां सौम्य और मुस्कुराते हुए चेहरों वाली मूर्तियां ही लगानी चाहिए।

कुछ लोग कार में पूर्वजों की तस्वीर भी लगाते हैं। वास्तु के अनुसार, कार में पितरों की फोटो लगाना उचित नहीं माना जाता, इसे घर के दक्षिण हिस्से में ही सीमित रखना चाहिए।

सही दिशा और स्थान का महत्व

वास्तु नियमों के अनुसार, भगवान गणेश की ऐसी मूर्ति जिसमें उनकी सूंड बाईं ओर (रुद्रद्ध) मुड़ी हो, कार के लिए सबसे शुभ मानी जाती है। इसके अलावा, आप कार में कछुआ भी रख सकते हैं, जो सकारात्मकता और स्थिरता का प्रतीक है। ध्यान रखें कि डैशबोर्ड पर बहुत ज्यादा मूर्तियों की भीड़ न लगाएं, इससे ऊर्जा का प्रवाह बाधित होता है और ड्राइवर का ध्यान भटक सकता है।

कार में सुखद यात्रा के लिए वास्तु नियम

कार के अंदर कभी भी कचरा या फटे पुराने कपड़े न रखें, इससे राहु का प्रभाव बढ़ता है। विघ्नहर्ता की छोटी मूर्ति सफर की बाधाओं को दूर करने में सहायक मानी जाती है। कार के ग्लोव बॉक्स या सामने की तरफ मोर पंख रखना नकारात्मक ऊर्जा को सोख लेता है। कार के एक कोने में छोटा सा सेंधा नमक का टुकड़ा रखने से यात्रा के दौरान होने वाली बेचैनी कम होती है।

पूजा के बाद धूप-अगरबत्ती की राख का क्या करें? दोष का कारण बन सकती हैं छोटी-छोटी गलतियां

घर के मंदिर में हम रोज सुबह-शाम धूप, अगरबत्ती या हवन सामग्री जलाते हैं। इनसे निकलने वाला धुआं तो घर की नकारात्मकता दूर करता है, लेकिन पूजा खत्म होने के बाद जो राख बचती है, उसका क्या किया जाए? अक्सर लोग इसे साधारण कचरा समझकर सिंक या कूड़ेदान में डाल देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस राख में भी पूजा की सकारात्मक ऊर्जा और देवताओं का अंश होता है? धार्मिक मान्यताओं और शास्त्रों के अनुसार, हवन या धूप की राख को 'भस्म' माना जाता है। इसे अनुचित स्थान पर फेंकना सीधे तौर पर देवी-देवताओं का अपमान माना गया है। पूजा की राख को कभी भी पैरों के नीचे नहीं आने देना चाहिए, क्योंकि इससे घर की सुख-समृद्धि में कमी आ सकती है और वास्तु दोष भी पैदा हो सकता है।

कहां विसर्जित करें पूजा की राख ?- ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक, पूजा की राख को विसर्जित करने के कुछ खास नियम हैं। अगर आपके घर के पास कोई पवित्र नदी या जलाशय है, तो इसे जल में प्रवाहित करना सबसे उत्तम है। लेकिन, अगर ऐसा संभव न हो, तो धार्मिक गुरुओं की सलाह है कि आप इस राख को किसी गमले या साफमिट्टी वाली जगह पर डाल दें। खासकर तुलसी के पौधे या पीपल के पेड़ की जड़ में इसे डालना बहुत शुभ माना जाता है, क्योंकि वहां इसकी पवित्रता बनी रहती है।

भूलकर भी न करें ये गलतियां- पुराणों और ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, धूप की राख को कभी भी नाली या गंदी जगह पर नहीं बहाना चाहिए। ऐसा करने से राहु-केतु का नकारात्मक प्रभाव बढ़ सकता है। अगर आप राख को किसी पेड़ के नीचे डाल रहे हैं, तो ध्यान रखें कि वह कंटिदार पौधा न हो। हमेशा फल देने वाले या पवित्र पेड़ों का ही चुनाव करें।

राख के सदुपयोग के कुछ खास तरीके: हवन की शुद्ध राख को माथे पर तिलक के रूप में लगाने से मन शांत रहता है। इसे पौधों में डालने से न केवल श्रद्धा बनी रहती है, बल्कि यह प्राकृतिक खाद का काम भी करती है। अगर आप तुरंत विसर्जित नहीं कर सकते, तो इसे एक मिट्टी के पात्र या डिब्बे में इकट्ठा करके रखें।

nandgaon times feb-08-3.qxd 2/7/2026 10:06 PM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बैट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

दशमत निषाद : ई-रिक्शा से इको टैक्सी तक का प्रेरक सफर, सेवा और स्वाभिमान की मिसाल

अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)। कभी गृहिणी और सिलाई कार्य से परिवार का सहारा बनने वाली चिखली निवासी दशमत निषाद आज आत्मनिर्भर महिला उद्यमी के रूप में क्षेत्र में पहचान बना चुकी हैं। वर्ष 2018 में उन्होंने ई-रिक्शा चलाना शुरू किया और अपनी मेहनत, साहस व लगन से एक नई राह बनाई।दशमत केवल वाहन चलाने तक सीमित नहीं रहीं। ई-रिक्शा की छोटीङ्कमोटी खराबी जैसे पंचर बनवाना, बैटरी बदलना और अन्य तकनीकी कार्य भी स्वयं करना सीख लिया। प्रतिदिन 500 से 600 रुपये तक की आय से उन्होंने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया। वर्ष 2022 में उन्होंने अपने पति रवि निषाद के लिए भी एक और ई-रिक्शा खरीदा, जिसके बाद दोनों पति-पत्नी मिलकर यह कार्य करने लगे। आज उनकी कुल आय लाखों तक पहुंच चुकी है और परिवार की आमदनी में कई गुना वृद्धि हुई है।

सामाजिक सरोकारों में भी अग्रणी

दशमत निषाद ने अपने ई-रिक्शा को केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक सेवा का माध्यम भी बनाया।

दिव्यांग सहयोग

विधानसभा निर्वाचन 2018 के दौरान उन्होंने दिव्यांग महिला एवं पुरुष मतदाताओं को ई-रिक्शा के माध्यम से मतदान केंद्र तक पहुंचाने और मतदान के बाद सुरक्षित घर तक छोड़ने का कार्य किया। यह पहल च्दिव्यांग रथ्ध्ज् के रूप में सराही गई।

स्वच्छता पखवाड़ा

स्वच्छता पखवाड़ा 2018 के दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ई-रिक्शा से भ्रमण कर स्वच्छता जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया और लोगों को साफ-सफाई के प्रति प्रेरित किया।

विशेष सम्मान

8 मार्च 2020 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अंबागढ़ चौकी में जय महाकाल सेवा दल एवं पुलिस विभाग द्वारा उन्हें सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित भी किया गया। यह सम्मान उनके संघर्ष और समर्पण का प्रमाण है।

अब इको टैक्सी से नई उड़ान

लगातार बढ़ती आय और आत्मविश्वास के बल पर दशमत निषाद ने चार चक्का इको गाड़ी खरीदी है, जिसे कमर्शियल रजिस्ट्रेशन (टैक्सी परमिट) के साथ संचालन में लाया गया है। यह वाहन उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (क्ररूश्नक्र) के अंतर्गत तथा पंजाब नेशनल बैंक, शाखा अंबागढ़ चौकी से फाइनेंस के माध्यम से खरीदा है। उन्होंने स्वयं गाड़ी चलाने का निर्णय लिया है। दशमत कहती हैं कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं, बस जरूरत है आत्मविश्वास और मेहनत की। उनका सपना है कि वे आगे भी अपने व्यवसाय का विस्तार करें और अन्य महिलाओं को भी रोजगार के लिए प्रेरित करें। दशमत निषाद की कहानी यह संदेश देती है कि यह समय महिलाओं के आगे बढ़ने और नया इतिहास रचने का है। उनका संघर्ष, सेवा भावना और सफलता आज पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय बन चुकी है।

शिवलिंग स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा 9 फरवरी सोमवार से

ढारा/भंडारपुर (नांदगांव टाइम्स)। खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत भंडारपुर करेला में आगामी 9 फरवरी सोमवार से शिवलिंग स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित है। इस आशय की जानकारी देते हुए ग्राम प्रमुख रामविलास सिन्हा मंदिर समिति के सदस्य संतोष जैन चांद सिन्हा उदय सिन्हा मुनेंद्र सिन्हा अमीर वर्मा व दुर्गेश सिन्हा ने बताया कि 9 फरवरी सोमवार को कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम प्रारंभ होगा। तत्पश्चात बेदी पूजा जल अधिवास का कार्यक्रम होगा। इस दिन जयश्री महाकाल अघोरी रुरुप बघेरा दुर्ग द्वारा भगवान शिव की कलश यात्रा में विशेष प्रदर्शन किया जाएगा। 10 फरवरी मंगलवार को बेदी पूजा शिव पार्वती विवाह अन्न अधिवास का कार्यक्रम होगा तथा 11 फरवरी बुधवार को बेदी पूजा के पश्चात प्राण प्रतिष्ठा होगी। तत्पश्चात हवन एवं महाप्रसादी के साथ स्थापना पूजा का कार्यक्रम का समापन होगा। क्षेत्र के शिव प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिती की अपील ग्रामवासियों ने की है।

शादी ब्याह -शहनाइयों की गूंज से गांव-गांव में लौटी रौनक

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिले में वैवाहिक मौसम की शुरुआत होते ही गांव-गांव में शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगी है।



शादी-ब्याह के मांगलिक कार्यक्रमों से ग्रामीण अंचलों में उत्साह और उमंग का वातावरण बन गया है। हर गांव में कहीं हल्दी-चावल तो कहीं बारात और फेरे की तैयारियां चल रही हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में रौनक लौट आई है। विवाह आयोजनों के चलते बाराती और घराती की आवाजाही बढ़ गई है। दूर-दराज के रिश्तेदार अपने-अपने गांव पहुंच रहे हैं, जिससे आपसी मेल-जोल और सामाजिक संबंध और अधिक मजबूत हो रहे हैं। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हो रहे विवाह समारोहों ने ग्रामीण संस्कृति को जीवंत कर दिया है। वैवाहिक सीजन का असर बाजारों में भी साफनजर आ रहा है। कपड़ा, आभूषण, बर्तन, सजावट सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक सामान सहित शादी से जुड़ी वस्तुओं की दुकानों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। स्थानीय बाजारों में जमकर खरीदी-बिक्री हो रही है, जिससे व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आई है और छोटे-बड़े व्यापारियों को लाभ मिल रहा है। इसके साथ ही ढोल-नगाड़ों, डीजे और पारंपरिक गीत-संगीत से गांवों का माहौल पूरी तरह उल्लासपूर्ण हो गया है। विवाह समारोहों के माध्यम से न सिर्फ खुशियों का आदान-प्रदान हो रहा है, बल्कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। कुल मिलाकर शहनाइयों की गूंज ने राजनांदगांव जिले के गांव-गांव में नई ऊर्जा और रौनक भर दी है।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

GSTIN - 22CFIPS4120B1Z1
अन्नपूर्णा ट्रेडर्स
• हार्डवेयर • सेनेटरी
• टाईल्स • पेन्टस
MEENA / OMPRAKASH SAHU
8103343687 7974188831
9685079679
पता - फरहद चौक, बाई पास रोड, रेवाडीह, राजनांदगांव (छ.ग.)

पं . के एल शुक्ला विधि महाविद्यालय की दो छात्राओं ने मेरिट में पाया स्थान

छठवें और आठवें स्थान में लहराया परचम...

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। हेमचंद विश्विद्यालय दुर्ग द्वारा जारी किए गए विधि (लॉ) परीक्षा छठवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में पंडित किशोरीलाल शुक्ला विधि महाविद्यालय की दो छात्राओं ने स्थान बनाकर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है । विश्वविद्यालय ने टॉप 10 स्टूडेंट वाली मेरिट सूची जारी की जिसमें 6 वें एवं 8 वें स्थान पर क्रमशः सुश्री आंकिता शर्मा तथा सुश्री यांशिका अग्रवाल का नाम सम्मिलित है । स्थानीय पंडित किशोरीलाल शुक्ला विधि महाविद्यालय ने एक बार फिर अपनी गुणवत्ता का परिचय दिया है । विधि परीक्षा के छठवें सेमेस्टर की जारी की गई मेरिट लिस्ट में महाविद्यालय में अध्ययनरत दो भविष्य की वकीलों ने अपना परचम लहराया है । मेरिट लिस्ट के छठवें स्थान पर सुश्री आंकिता शर्मा सुपुत्री विजय - सरिता शर्मा जनता कॉलोनी एवं आठवें स्थान पर सुश्री यांशिका अग्रवाल सुपुत्री संजय- श्वेता अग्रवाल , अन्नपूर्णा सोसाइटी के पास , डोंगरगढ़ ने अपना नाम दर्ज कराकर महाविद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का परिचय दिया है । दोनों छात्राओं की उपलब्धि पर विधि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.निमिषा मिश्रा , प्रशासक डॉ.आर एन सिंह सहित प्रोफेसर्स एवं नांदगांव शिक्षा मंडल के पदाधिकारियों -सदस्यों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी हैं ।

शा.उ.मा.शाला मुसरा में विशेष अध्यापन कक्षाओं का आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के निर्देशानुसार शा.उ.मा. शाला मुसरा वि.खं. डोंगरगढ़ में आगामी 10वीं एवं 12वीं की वार्षिक बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों हेतु विशेष कक्षाएं दिनांक 31/01/2026 से 03/02/2026 तक आयोजित की गई, जिसमें शा.उ.मा. शाला मुसरा के अतिरिक्त निकटतम दूरी की शालाएं मोहारा, बिल्हरी, आलीवारा, रेंगाकठेरा, पारागांवखुर्द, माडीतराई, पलान्दुर व रुवातला के विद्यार्थी उपस्थित रहे.

उपरोक्त विशेष अध्यापन कक्षाओं में विषय अंग्रेजी, गणित व विज्ञान विषयों का अध्यापन क्रमशः व्याख्याता श्री हिरेन्द्र परमार शा.उ.मा. शाला मोहारा, व्याख्याता सुश्री कादम्बरी महेश्वरी शा.उ.मा. शाला पारागांव व व्याख्याता श्रीमती पूनम राजपूत शा.उ.मा. शाला माडीतराई द्वारा किया गया. अध्यापन व्यवस्था का निरीक्षण प्रतिदिन जिला एवं विकासखंड अधिकारियों द्वारा किया गया. उपरोक्त विशेष कक्षाओं का सफल संचालन प्राचार्य, शा.उ.मा. शाला मुसरा श्री के0 रघुनाथ के मार्गदर्शन में किया गया.

संस्थाओं के संचालन हेतु मुद्रा की आवश्यकता है सरकारी खजाने की पेटी खाली है

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा का सब से बुरा हाल है इससे सुचारू रुप प्रदान करने इच्छा शक्ति के साथ ईमानदारी भी उतनी आवश्यकता है ईश्वर को की भी लाकर बैठा दोगे तो भी व्यवस्था नहीं सुधार सकते , व्यवस्था के पहले हिस्सेदारी पर पहले सौदे की बात होती है सरकारी अस्पताल में न्यू डाक्टर प्रेक्टिस करने आते है उसके बाद सरकारी संस्थाओं से अधिक रकम निजी अस्पतालों से मिलने के कारण अन्यंत्र स्थानों की ओर चले जाते है इस ओर सरकार को अधिक चिंतन करने की आवश्यकता है वर्तमान कानून को और कठिन बनाने की जरूरत है खासकर शासकीय मेडिकल कॉलेज से द्वड्डह्य की डिग्री लेने वालों को शासकीय अस्पतालों में सेवा देने की अनिवार्यता का समय बढ़ाया जाए 5 से दस साल देश डाक्टरों की संख्या जनसंख्या के अनुसार बहुत कम है जिसके कारण शासन प्रशासन इनके सामने घुटने टेकने पर मजबूर है उनका वेतन सेवा के अनुसार बहुत कम है जिसके कारण निजी अस्पतालों की ओर झुकाव भी उचित है। शासकीय अस्पतालों को फ्री हैंड देना होगा बाहरी दबाव पर 100त्न कठिन कानून बने उनकी सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाए जहां निशुल्क इलाज वहां गुंडाई गिरी भी ज्यादा पूंजीवादी अस्पताल के सामने भीगी बिल्ली की तरह व्यवहार करते है सभी पहलुओं पर मंथन करने की आवश्यकता है आम जनता वास्तविक में परेशान है राजनीतिक दबा से दूर रखने की जरूरत है।

मरार समाज का सामूहिक आदर्श विवाह स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आज बिहरीकला में,

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। कोसरिया मरार पटेल समाज राज-अम्बा.चौकी का सामूहिक आदर्श विवाह स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान का कार्यक्रम 8 फरवरी रविवार को ग्राम बिहरी कला में आयोजित की जा रही है जिसमें 7 जोड़े वर -वधु अपने परिणय सूत्र में बंधेंगे । साथ ही 10 वी ,12वीं स्नातक, और स्नाकोत्तर के प्रतिभावान छात्रों को सम्मान किया जाएगा।सभी सामाजिक पदाधिकारियों एवं राज क्षेत्र के 70 गांवो से आये प्रत्येक परिवार के उपस्थिति में उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि इंदरशाह मंडावी,विधायक मोहला मानपुर,अतिविशिष्ट अतिथि रामकुमार पटेल - शाकम्भरी बोर्ड अध्यक्ष एवं विभिन्न राज के पदाधिकारी आशीर्वादक होंगे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि -विशेष पटेल गौ सेवा आयोग अध्यक्ष, अति विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र नायक प्रदेश संयोजक,लोचन पटेल संरक्षक ,जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ,मरार समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल सहित प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित होंगे।

स्काउट एवं गाइड के छात्र छात्राओ का होता है सर्वांगीण विकास

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। नगर के रेलवे इंस्टीट्यूट में भारत स्काउट एवं गाइड सहित नागपुर मंडल के अधिकारियों द्वारा 5 फरवरी को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भारत स्काउट एवं गाइड ,नागपुर मंडल के जिला आयुक्त स्काउट एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी आदरणीय उदय कुमार भारती के निर्देश पर नागपुर मंडल के स्काउट के जिला पदाधिकारी का डोंगरगढ़ में डोंगरगढ़ रेलवे के स्काउट एवं गाईड के बच्चों सहित उनके परिजनों की बैठक आहुत कर छात्र छात्राओं के जीवन के सर्वांगीण विकास के महत्व के बारे में चर्चा कर परिजनों से विचार विमर्श साझा किया। इस अवसर पर नागपुर मंडल संगठन आयुक(स्काउट) श्रीनिवास डोरा, जिला संगठन आयुक (गाइड) श्रीमती आरती मुरलीधर ,जिला

प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) श्रीमती पुष्पा खांडेकर,जिला सचिव प्रमोद पाटिल ,और सह जिला सचिव सुश्री स्वागतिका पात्रा मुख्य रूप से अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज करा जिला के सभी स्काउट एंड गाइड के पदाधिकारियो ने डोंगरगढ़ स्काउट डेन का निरीक्षण कर सभी का परिचय प्राप्त किया गया। इस दौरान स्काउट एवं गाइड के छात्र छात्राओ के द्वारा जिला पदाधिकारियो का पुष्प गुच्छ भेंट व पौधा भेंट कर कर स्वागत सम्मान किया गया। जिसके पश्चात जिला पदाधिकारियो ने स्काउट के बच्चों की गतिविधियो को देखा और स्काउट एवं गाइड के बच्चों के उन्नति के बारे में चर्चा की गई। स्काउट गाइड के सभी अभिभावको से मिलकर उन्हें स्काउटिंग के महत्व एवं स्काउटिंग से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई और बताया गया कि स्काउटिंग करने से बच्चों के जीवन में क्या लाभ मिलता है , बच्चे समय का सदुपयोग कैसे करते हैं, बच्चों को अनुशासित कैसे रहते हैं जानकारी दी गई। बच्चों के अभिभावको ने जिला संगठन द्वारा दिए गए दिशा निर्देश को सुना समझा और अमल में लाने भरोसा दियाया गया। महत्वपूर्ण बैठक में डोंगरगढ़ स्काउट गाइड रुप के द्वारा रुप लीडर गाइड श्रीमती इंदिरा साखरे, बी दीपिका राव , श्री चंद्रशेखर साखरे, श्री श्रवण यादव, नीरज कुमार ठाकुर ,ए गोविंद राव आदि सदस्य स्काउट एंड गाइड सक्रिय सदस्यों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com